Need to bring Potato under MSP or to set up a mechanism to ensure appropriate price of potato to farmers in Uttar Pradesh.-laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** मैं सरकार के समक्ष अपने लोकसभा क्षेत्र फूलपुर एवं यूपी के किसानों की एक महत्वपूर्ण मांग को रखना चाहता हूं । आलू उत्तर प्रदेश की एक प्रमुख फसल है, जिसका उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जाता है । देश के कुल उत्पादन का 35 प्रतिशत उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में होता है और इस वर्ष यह उत्पादन लगभग 250 लाख मीट्रिक टन है । लेकिन अधिकांशतः मौसम की मार और बाज़ार मूल्यों की अनिश्चितता के कारण किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है,जिससे किसानों को अपने फसलों को कई बार खेत में ही छोड़ना पड़ जाता है । आलू की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के अंतर्गत नहीं की जाती है, उत्तर प्रदेश के किसान आलू की खेती के लिए बहुत मेहनत करते हैं और उत्पादन लागत भी अधिक होती है । लेकिन MSP के अभाव में, उन्हें अपनी फसल को कम दाम पर बेचना पड़ता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है । अतः मैं निवेदन करता हूं कि उत्तर प्रदेश में प्रमुख रूप से उत्पादित फसल आलू को MSP के अंतर्गत लाया जाए अथवा अन्य मैकेनिज्म तैयार किया जाए ताकि किसानों को अपनी फसल के लिए उचित मूल्य मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके ।